सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल दिनांक 02 जून, 2023

शुक्रवार को राजभवन में तेलंगाना प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जीबी पंत विश्वविद्यालय, पंतनगर में पढ़ रहे तेलंगाना के छात्रों के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल ने अपने सैन्य सेवा के दौरान तेलंगाना में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से तेलंगाना बेहद प्रिय है और उन्होंने 03 वर्षों तक वहां सेवाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि वनों और वन्य जीव से सम्पन्न तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संजोए हुए है। तेलंगाना वास्तव में भारत के कृषि वैभव के रूप में उभरा है। इस भूमि को एक मनमोहक स्वर्ग के रूप में देखा जा रहा। कृषि और तकनीकी के क्षेत्र में तेलंगाना द्वारा हासिल की गई प्रगति पूरे देश के लिए आदर्श है।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र द्वारा सभी राज्यों के स्थापना दिवस को हर राज्य में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है जो कि बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने के लिए सहायता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा तेलंगाना के लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। और अपने विचार और उत्तराखण्ड में प्राप्त अनुभव साझा किए। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्म पत्नी श्रीमती गुरमीत कौर सहित राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

..........0..........